>

Title: Need to set up paddy procurement centres of FCI in Bihar particularly in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar.

***श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद)** ः इस वर्ष पर्याप्त बारिश होने से मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद में तथा धान की उपज वाले बिहार के सम्पूर्ण क्षेत्र में धान की फसल अत्यंत अच्छी है। जबकि पिछले दो-तीन वर्षों में अकाल की स्थिति थी। इस वर्ष खरीफ फसल (धान) का उत्पादन काफी बड़ी मात्रा में हुआ है, क्योंकि लगभग सभी वैसे क्षेत्रों में धान की फसल अच्छी हुई है, जहां इसकी तनिक भी संभावना नहीं रहती है।

पिछले वर्षों के अकाल के बाद, इस वर्ष फसल के अच्छा होने से किसानों को अच्छी आमदनी की उम्मीद है। लेकिन यह तभी संभव है,जब उनका शत-प्रतिशत धान की खरीद सरकार द्वारा घोषित (निर्धारित) न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी एजेंसियों द्वारा हो जाए। यदि ऐसा संभव हो सकेगा तभी किसानों का पिछले वर्षों के घाटे की कुछ भरपाई हो सकेगी और किसान विभिन्न तरह के सरकारी या गैर सरकारी ऋणों को चुकाने में सक्षम हो पाएंगे।

अतएव सरकार से मेरा निवेदन होगा कि किसानों की स्थिति को देखते हुए, उनके हित में आवश्यक कदम उठाते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद (बिहार) के जिले औरंगाबाद और गया तथा अगल-बगल के जिलों रोहतास, भोजपुर, कैमूर, बक्सर, अरवल, जहानाबाद आदि जिलों के हर प्रखंड के मुख्यालय में एवं प्रमुख बाजार केन्द्रों में भारतीय खाद्य निगम का धान क्रय केन्द्र शीघ्र खुलवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए। जिससे किसानों को राहत मिल सके।